विद्यमान ''सर्विस एरिया अप्रोच'' में परिवर्तन

2300. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विद्यमान ''सर्विस एरिया अप्रोच'' में कतिपय परिवर्तन लाने के पश्चात् बैंकों को नए दिशानिर्देश जारी किए हैं;

(ख) यदि हां, तो उन दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बैंकों ने उक्त दिशानिर्देशों के अनुरूप अपनी-अपनी योजनाओं का कार्यान्वयन किया है;

(घ) यदि हां, तो उन बैंकों के नाम क्या हैं और उनके द्वारा निरुपित एवं कार्यान्वित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या यह सच है कि देश में राष्ट्रीयकृत बैंक कृषि उत्पादन क्षेत्र को ऋण प्रदान करने में प्राथमिकता देते हैं; और

(च) यदि हां, तो 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के वित्तीय वर्षों के दौरान प्राथमिकता प्रदत्त क्षेत्र को बैंकों के द्वारा प्रदत्त कुल ऋण में से कृषि उत्पादन क्षेत्र को प्रदत्त समूचे ऋण की प्रतिशतता क्या है तथा 1994-95 की पहली छमाही में बैंकों ने कृषि क्षेत्र को कुल कितना ऋण दिया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) से (च) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बैंक द्वारा लघु उद्योग हेतु ऋण-राशि बढ़ाया जाना

2301. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि नायक समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करने के पश्चात् राष्ट्रीयकृत बैंकों को कतिपय दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो ये दिशानिर्देश कब जारी किए गए थे और क्या इन दिशानिर्देशों के अनुसार, देश में लघु उद्योग क्षेत्र के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण राशि बढ़ा दी गई है;

(ग) यदि हां, तो वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम छः मास के दौरान औद्योगिक क्षेत्र को प्रदत्त कुल ऋण में से लघु उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण की प्रतिशतता क्या है;

(घ) क्या कतिपय बैंकों की कुछ नई शाखाएं केवल लघु उद्योगों की समस्याओं के निराकरण हेतु ही खोली गई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो दिसम्बर, 1994 तक राज्यवार ऐसी कितनी शाखाएं खोली गई थीं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) और (घ) जी, हां।

(ख) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी।

मुद्रा परिचालन में वृद्धि

2302. **श्रीमती सुषमा स्वराज:**
श्री राम जेठमानी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में गत कुछ वर्षों में मुद्रा परिचालन की वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के अंत में कितनी मुद्रा परिचालन में थी;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त वर्षों में मुद्रा परिचालन का प्रतिशतता निर्धारित लक्ष्य को पार कर गई;

(घ) यदि नहीं, तो उक्त वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान लक्ष्य वास्तविक उपलब्धि के बीच कितना अन्तर है तथा चालू वित्तीय वर्ष में वर्तमान अनुमानों सहित सरकार द्वारा मुद्रा परिचालन हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ङ) क्या सरकार ने लक्ष्य और वास्तविक अनुमान के बीच भारी अन्तर के कारणों का पता लगाया है; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) जी, हां।

(ख) 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के अन्त में मुद्रा परिचालन (एम-3) नीचे दर्शाये गए हैं:-

वर्ष	बकाया (वर्ष अन्त)
	(करोड़ रुपये)
1991-92	3,17,049
1992-93	3,66,825
1993-94	4,33,566

(ग) और (घ) मुद्रा परिचालन (एम-3) की